सार-समाचार

रसों में आसक्ति नहीं रखें : सुमति मुनि

जोधपुर , (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मूनि ने बुधवार को परमात्मा महावीर स्वामी की अंतिम निर्वाण देशना की आराधना करते हुए कहा कि रसो में आसक्ति नहीं रखनी चाहिए। रसो में आसक्ति रखने से द्रव्यहिंसा होती है। इससे आपके पुण्य में कमी आती है। श्रावक धन का त्याग एवं उसका सदुपयोग करके पुण्य पथ पर चल सकता हैं। कभी भी पुण्यवाणी की कमी की तरफ चिंतन नहीं करे। आसक्ति बढ़ने से पाप बढ़ता है एवं पुण्य कम होता है। करकुंडू मुनि ने बिना आज्ञा तिनका उठाया था । उस समय तीन मुनि वहाँ पर विराजमान थे। उन्होने एक दूसरे की गलती बताना शुरू किया। मुनियों ने बाद में विचार किया कि हमारा ध्यान दूसरी तरफ क्यों गया। हम अपनी आत्मा में रमण नहीं कर रहे थे। करकंड मुनि बोले मेरी भी गलती थी। अपनी गलतियों में आलोचना, निंदा, एवं प्रतिक्रमण के भाव से उनका बोध होना चाहिए। इससे पूर्व साध्वी श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि संतों को देखकर प्रसनचित ,आनंदित रहना चाहिए। इससे आपका भविष्य उज्जवल रहेगा। यदि आप संतो को देखकर अपना सभी प्रकार का कार्य छोड़कर संतो की सेवा करते है तो जीव सत मार्ग पर है। संतों को देखकर यह भाव आये कि मैं भी ऐसा जीवन कब जीऊंगा। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा मंत्री माणक ललवानी अशोक बोहरा ने बताया कि आज ओली तप के पारणा संपन्न हुए ।21 अक्टूबर को निर्वाण कल्याणक पर संघ ने बेले दो उपवास लगातार का आव्हान किया।

तेजस व्यास व पल्लवी ने जीता स्वर्ण पदक

पाली , (नि.सं.)। राजस्थान शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित 69वी राज्य स्तरीय माध्य/उच्च माध्यमिक विद्यालयी अंडर 17/19 (बालक/बालिका) बॉक्सिंग प्रतियोगिता(1 से 7 अक्टूबर) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा अजमेर में सम्पन्न जिसमें पाली जिले के मुक्केबाजों ने 2 स्वर्ण, 5 कांस्य पदक सहित 7 पदक अपने नाम किए। शिविराधिपति प्रधानाचार्य उम्मेद राम बोस ने बताया कि राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता पाली का दल छात्र 17/19 वर्ग पीयूष भटनागर तथा छात्रा 17/19 का दल अनीता भटनागर के नेतृत्व में बॉक्सिंग प्रशिक्षक दिलीप गहलोत,मनोज कुमार भटनागर के निर्देशन में तेजस्व व्यास 46-49 19 वर्ष छात्र भार वर्ग में स्वर्ण पदक तथा पल्लवी 45 19 वर्ष छात्रा भार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ये बॉक्सर राष्ट्रीय स्तर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में राजस्थान का अपने भार वर्ग में नेतृत्व करेंगे। निकिता पांडे,निधि कौर, निशा,हर्षित सांखला,मो फहीम ने कांस्य पदक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। पाली पहुंचने पर शिविराधपति उम्मेदराम बोस एवं वासुदेव शर्मा अध्यक्ष पाली बॉक्सिंग एसोसिएशन ने खिलाड़ियों व टीम स्टाफ का आभार जताया। इस मौके पर शंकर पटेल, गिरधर सिंह प्रवीण, नरेश पांडे, जगदीश बिश्नोई, किसन व्यास, ओम प्रकाश, श्रवण कुमार, जयंत,, भरत,बाबूलाल सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

रेलवे परिसरों में चलाया सफाई अभियान

जोधपुर , (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल पर चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के तहत बुधवार को स्वच्छ परिसर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन परिसरों, रनिंग रूम्स एवं रेलवे कॉलोनियों में गहन सफाई अभियान चलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा 1 से 15 अक्टूबर तक मंडल के सभी स्टेशनों एवं कार्यालयों में मनाया जा रहा है। स्वच्छ परिसर दिवस के तहत सभी कमरों, किचन, रेस्ट रूम, बाथरूम एवं आसपास के परिसर की संपूर्ण सफाई की गई। साथ ही बिस्तर, लिनेन एवं उपकरणों की धुलाई और सैनिटाइजेशन भी सुनिश्चित किया गया। रेलवे कॉलोनियों में झाड़ू लगाकर सड़कों, नालियों एवं खुले स्थानों की सफाई की गई। कॉलोनी में फैले कचरे को एकत्र कर निस्तारित किया गया तथा कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को स्वच्छता ही सेवा है के भाव से स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया।सफाई अभियान के दौरान पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी को अपने कार्यस्थल एवं आवासीय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

गौवंश में संक्रमण मिला

धोरीमना, (निसं)। दयानंद आश्रम धोरीमना नगर पालिका में एक नंदी महाराज के 2 वर्ष पूर्व में लंपी जैसी भयंकर महामारी की बीमारी जैसा संक्रमण देखने को मिला। भाजपा के बूथ अध्यक्ष नागजीराम गवारिया ने बताया कि धोरीमना में आवारा पशु नंदी महाराज व गौ माताऔ में उक्त लक्षण देखने को मिल रहा है। नागजीराम ने कहा कि पशुपालकों व ग्रामीणों को अपील की गांवो में अवारा पशुओं को व नगर पालिका मे घूमने वाले पशुओं पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इस महामारी में कई गोवंशों को मौत के सपेट में ले लिया था। गौ माता को बचाना वह गौ माता की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है। ग्रामीणों ने बताया कि लम्पी जैसी बीमारी का संक्रमण देखते हुए तत्काल पशु चिकित्सालय डॉ रिंकू प्रजापत को सूचित करने पर पहुंचे। मौके पर नंदी महाराज का उपचार किया। उन्होंने ने बताया कि लंपी जैसी बीमारी नहीं दिख रही है पशुपालकों व अवारा गोवंशों के लिए ग्रामीणों को जागरुकता रखने की अपील की। तत्काल पशु चिकित्सालय से संपर्क करें ऐसी महामारी से बच के रहे। इस दौरान सुरेश कुमार गवारिया, हनुमानराम बिश्नोई, टीकमाराम गोस्वामी, दिनेश इत्यादि मौजूद रहे।

लेटा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल हुई

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बुधवार को लेटा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, ब्लॉक विकास अधिकारी प्रदीप मायला आदि उपस्थित रहे।

वायुसेना क्षेत्र में फर्जी लाइटें लगाई

जोधपुर , (कासं)। वायुसेना स्टेशन क्षेत्र में एक नामी कंपनी के नाम से फर्जी लाइटें लगाने का केस दर्ज हुआ है। कंपनी मुख्यालय से आए एक व्यक्ति ने कॉपी राइट का केस एयरपोर्ट थाने में दर्ज कराया है। पुलिस अब इसमें जांच पड़ताल कर रही है। एयरपोर्ट थाना पुलिस के अनुसार नामी लाइट के प्रोडेक्ट तैयार करने वाली कंपनी के नई दिल्ली से पहुंचे प्रतिनिधि गोविंद सिंह की तरफ से पूर्वी दिल्ली की मैसर्स मान्या एंटरप्राइजेज के खिलाफ यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में आरोप है कि वायसुना स्टेशन क्षेत्र में मान्या एंटरप्राइजेज की तरफ से जो लाइटें बल्ब इत्यादि लगाए गए है वे सब नकली उत्पाद है। एयरपोर्ट थाना पुलिस जांच कर रही है।

बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया

जोधपुर , (कासं)। कमिश्नरेट में प्रतापनगर सदर और बासनी एरिया में पुलिस ने बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त करवा कर संचालकों के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण बनाया। प्रतापनगर सदर पुलिस थाने के एसआई देवाराम को मुखबिरी जानकारी मिली कि बोम्बे मोटर के पास में एक वर्कशॉप में बच्चों से इंजन- कलपुर्जों की साफ सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। इस पर पुलिस ने वर्कशॉप पर रेड दी और बालकों को श्रम से मुक्त कराया। बच्चों से केमिकल से इंजन और कलपुर्जे धुलाए जा रहे थे। संचालक शहजाद के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण बनाया गया। दूसरी तरफ बासनी पुलिस ने भरमी पेट्रोल पंप के सामने एक स्क्रेप गोदाम पर रेड दी। वहां पर बच्चों को काम लिया जा रहा था। इस पर कबीर नगर चांदभाई के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण बनाया गया। गोदाम पर एएसआई पप्पाराम ने रेड दी।

वर्षों बाद आवासीय पट्टे मिलने से खुशी

जालोर, (कासं)। आहोर स्थित नगर पालिका परिसर में आयोजित किए जा रहे शहरी सेवा शिविर में बुधवार को राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009, एक्ट 69ए के अंतर्गत टीकमाराम प्रजापत, नेमाराम, खेताराम प्रजापत को पट्टा विलेख, मोहनराम को वाणिज्यिक निर्माण स्वीकृति एवं नरपतसिंह को नामांतरण प्रमाण पत्र शिविर प्रभारी द्वारा प्रदान किए गए। आवासीय पट्टे एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात लाभार्थियों ने राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। इस अवसर पर शिविर प्रभारी अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार दवे सहित आहोर नगरपालिका के कार्मिक उपस्थित रहे।

दुष्कर्म का आरोपी साढ़े तीन माह से पुलिस गिरफ्त से दूर

जालोर, (कासं)। जालोर के पुलिस थाना बागरा में आरोपी मंगलाराम के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुए लगभग साढ़े तीन महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर पीडिता के परिजन गत करीब दस दिन से कलेक्ट्रेट के निकट धरना देकर नाराजगी जताई है। वहीं बुधवार को जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष गुहार लगाकर आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई।

पीड़िता के पिता ने जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी पुत्री आरोपी सरकारी कार्मिक मंगलाराम ने अपने घर खाना बनाने का कहकर करीब चार माह तक लगातार उसकी पुत्री के साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब लडकी ने विरोध किया, उसे धमकाता था। 18 जून को रात्रि उसकी अकेली पुत्री के साथ छेड़छाड़ की, उसके विरोध करने पर मारपीट की। उसके चिल्लाने पर हमने उसे पकडने की कोशिश की तो वह भाग गया। मंगलाराम करीब चार माह तक उसकी पुत्री का यौन शोषण करता रहा। इस घटना की रिपोर्ट 19 जून को थाना बागरा में दर्ज की गई थी, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच महिला थाना जालोर को सौंपी थी।

परिजनों ने बताया कि एफआईआर दर्ज हुए करीब साढे तीन महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कोई ठ्ठोस कार्रवाई नहीं की। उल्टा आरोपी के सरकारी कर्मचारी होने के कारण पुलिस उस पर कोई दबाव नहीं बना रही।

परिजनों के अनुसार, इस मामले में उन्होंने 25 जुलाई , 26 सितंबर और 28 जुलाई को पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों को लिखित में मुलजिम मंगलाराम को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता के परिवार व सामाजिक संगठनों का कहना है कि आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पुलिस-प्रशासन उस पर कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है।

परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि तत्काल उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाए, ताकि पीडिता को न्याय मिल सके और समाज का पुलिस प्रशासन पर विश्वास कायम रहे।

पीड़ित परिवार के लोग आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के निकट 29 सितंबर से धरने पर भी बैठे है, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि मुलजिम सरकारी कार्मिक है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही करने से पीड़ित परिवार न्याय से वंचित हो रहा है।

जेठ की स्मृति में शिक्षिका ने कक्षा कक्ष बनवाया

बाप, (निसं)। बाप कस्बा स्थित राबाउमा विद्यालय में हिंदी व्याख्याता प्रमोद कुमारी ने अपने जेठ की स्मृति में विद्यालय परिसर में एक कक्षा कक्ष का निर्माण करवाया। बुधवार को इस कक्षा कक्ष का संतों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया।

भामाशाहों का सम्मान और स्थानांतरित हुए प्रधानाचार्य को विदाई भी दी गई। समारोह में संत कृपाचार्य ने कहा कि पढी-लिखी बेटी देश का भविष्य होती है। आज देश के गौरवशाली पलों में बेटियां अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। बेटियों को सनातन संस्कृति की पालना कर संस्कारवान बनना चाहिए, क्योंकि बेटी कुल का दीपक होती है। उन्हें कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता है।

उपखंड अधिकारी सुखाराम पिंडेल ने कहा कि हर परिवार को बेटियों को आगे बढाने में सहयोग देना चाहिए। बेटियां देश का भविष्य हैं। उन्हें हमेशा बडे सपने देखने चाहिए, क्योंकि ऊंचे सपनों से ही सफलता मिलती है।

पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल ने कहा कि इस विद्यालय में ही कार्यरत व्याख्याता प्रमोद कुमारी ने अपने परिजन की स्मृति में कक्षा कक्ष का निर्माण कराया है, इससे बालिकाओं को सुविधा मिलेगी। मैं उन सभी भामाशाहों को साधुवाद देता हूं जिन्होंने बालिकाओं की असुविधा को ध्यान में रखते हुए संसाधन जुटाने में सहयोग दिया। नगरपालिका ने भी प्रार्थना स्थल पर टीन शेड बनवाकर सराहनीय कार्य किया है।

स्थानांतरित प्रधानाचार्य राजीव गोदारा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के अभिभावक अत्यंत जागरूक हैं। मेरे आने से पूर्व कई संसाधन अभिभावकों और भामाशाहों के सहयोग से पूरे किए गए। मुझे प्रार्थना स्थल पर टीन शेड की कमी महसूस हुई, जिस पर नगरपालिका अध्यक्ष लीलादेवी और जगदीश से बात करने पर उन्होंने तुरंत प्रस्ताव स्वीकृत कर दिया। इस टीन शेड से बालिकाओं को काफी सुविधा और सुकून मिलेगा।

कार्यक्रम में नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष लीलादेवी पालीवाल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष गोपाल भट्टड, युद्धवीर सिंह ढाका, प्रिंसिपल राजीव गोदारा, सीबीईओ हिंगलाज दान, एसीबीईओ माणकराम डारा, कार्यवाहक प्रधानाचार्य किशनाराम डारा, पूर्व सरपंच मगसिंह भाटी, जिला परिवहन अधिकारी विनोद लेगा, भामाशाह सुशील कुमार, पूर्व सरपंच किशनलाल पालीवाल, ओम प्रकाश राठी, घनश्याम हरजाल, मनोज लोहिया माहेश्वरी, महेश पालीवाल होपारडी, शिक्षाविद मनसुख व कन्हैयालाल पालीवाल, गिरधारी हुड्डा आमला, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. दीपक शर्मा, श्यामसुंदर राजपुरोहित, पालीवाल समाज बाप अध्यक्ष प्रेम पालीवाल, रामचंद्र पंवार सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन टीकम चंद पालीवाल ने किया।

गल्ले से 20 हजार रुपए पार

जोधपुर , (कासं)। जोधपुर शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 17 में एक सब्जी व्यापारी को नारियल पानी देने के नाम पर शातिरों ने गल्ले से बीस हजार से ज्यादा की नगदी चुरा ली और बाइक पर बैठकर भाग गए। घटना 6 अक्टूबर शाम की है। एक वीडियो में शातिर कारस्तानी करते नजर आए है। पुलिस में रिपोर्ट दी गई है।

पुलिस ने बताया कि बालोतरा के गिड़ा थानान्तर्गत खोखसर निवासी रावलराम पुत्र लालाराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी एक सब्जी की दुकान चौहाबो सेक्टर 17 में किराणा दुकान के सामने आई है। जहां पर 6 अक्टूबर की देर शाम को एक युवक नारियल पानी मांगने आया और फटाफट पांच मिनट में देने को कहा था। दुकानदार रावलराम नारियल छील रहा था। तब इतने एक अन्य युवक आया और गल्ले में हाथ डालकर 20-30 हजार रूपए उठाकर ले गया। शातिर बाद में एक बाइक पर बैठकर भाग गया। इतने में वहां जो युवक नारियल पानी लेने आया वह भी गायब हो गया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने के एएसआई भंवराराम जांच कर रहे है।

शहरी सेवा शिविर जारी

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाने व उनके संबंधित प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित कर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए जिले के शहरी निकायों में 17 अक्टूबर, 2025 तक शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन किया जा रहा है।

आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि बुधवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 28 से 31 तक के लिए नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयेजन हुआ जिसमें आबादी भूमि नियमन, कृषि भूमि नियमन, भवन निर्माण स्वी.तियाँ, नामान्तरण, उप विभाजन प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन इत्यादि से संबंधित आवेदन पत्र किए गए। शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया।

रेवदर में विज्ञान मेला संपन्न

रेवदर, (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रेवदर में जिला स्तरीय विज्ञान मेले का समापन किया गया। मुख्य अतिथि राजन लोहिया ,उपखंड अधिकारी रेवदर रहे, जिन्होंने सभी मॉडल का बारीकी से मूल्यांकन किया एवं बच्चों से सवाल जवाब कर उनकी जिज्ञासा जानी जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ एवं मनोबल बढ़ा।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सिरोही महेन्द्र कुमार नानीवाल ने विज्ञान मेले में विज्ञान मॉडल क्विज और सेमिनार का निरीक्षण कर बच्चों से सवाल जवाब किए तथा बालकों का उत्साहवर्धन किया तथा तथा विज्ञान मेले में विभागीय निर्देशों के अनुसार किए गए समस्त कार्यो का बारीकी से अवलोकन किया एवं एवं विज्ञान मेले के सफल संचालन के लिए आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमजी लाल शर्मा एवं विद्यालय स्टाफ , निर्णायक मंडल सदस्यों एवं सभी बच्चों को धन्यवाद दिया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ईश्वर लाल राजपुरोहित ने विज्ञान के महत्व को बताते हुए बच्चों में वैज्ञानिक सोच एवं तर्क शक्ति का विकास हो इसके बारे सुझाव दिए।

आयोजक विद्यालय के संस्था प्रधान ओमजीलाल शर्मा ने विज्ञान मेले का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं विज्ञान के महत्व और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवम् बताया कि विज्ञान मेला 6 अक्टूबर 2025 से 8 अक्टूबर 2025 तक किया गया जिसमें कुल 214 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा कुल 54 विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरण किया गया प्रादर्श एवं मॉडल , सेमिनार तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी की गई एवं निर्णायकों ने निष्पक्ष निर्णय दिए। अलग अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पारितोषिक दिया गया।

विज्ञान मेले समापन के अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सिरोही महेंद्र कुमार नानीवाल , अतिरिक्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ,ईश्वर लाल राजपुरोहित , अशोक गिरी की गोस्वामी प्रधानाचार्य, डबानी एवम् भेरू सिंह चारण प्रधानाचार्य राजकीय बालिका विद्यालय, अजबाराम चौधरी प्रशासक ग्राम पंचायत रेवदर, दानाराम गर्ग समाजसेवी, अशोक गिरी की गोस्वामी प्रधानाचार्य, डबानी एवम् भेरू सिंह चारण प्रधानाचार्य राजकीय बालिका विद्यालय रेवदर, उप प्रधानाचार्य मगाराविं रेवदर तथा समस्त दल प्रभारी, समस्त विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

आर्य वीरों का दल लौटा

जालोर, (कासं)। आर्य समाज की स्थापना के 150 वें वर्ष एवं स्मृति शेष स्वामी धर्मानन्द सरस्वती की 88 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आबूरोड के पास गांव आंवल में एक नया शैक्षिक प्रकल्प स्वामी धर्मानन्द विद्यापीठ का शिलान्यास गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के हाथों आयोजित हुए कार्यक्रम में आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य व आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य के नेतृत्व मे चार सदस्य भाग लेकर लौट आये।

इस अवसर पर आर्य समाज व आर्य वीर दल जालौर आर्य के वरिष्ठ आर्य वीर चंद्रशेखर शर्मा कालूसा व छगन नाथ गोस्वामी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वहां आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। तथा महामहिम राज्यपाल, आर्य जगत के विख्यात सन्यासियों, विद्वानों को सुनकर औपचारिक भेंट कर आर्शीवाद एवं प्रेरणा लेकर जालोर लोट आए।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि स्वामी धर्मानन्द आर्ष गुरुकुल आबूरोड के कुलपति स्वामी ओमानन्द सरस्वती महाराज के मार्गदर्शन में सामवेद पारायण महायज्ञ, वेद उपदेश, भजन, सत्संग, विद्वत् सम्मान, व्याख्यान, व्यायाम प्रदर्शन, नाटिकाएं और अनेक सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। वहां मौजूद आर्य जगत के विख्यात सन्यासी स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती महाराज दयानन्द महाविद्यालय गौतम नगर दिल्ली, स्वामी विदेहयोगी कुरूक्षैत्र हरिद्वार, पंडित केशव देव शर्मा सुमेरपुर, पंडित नरेशदत्त आर्य मुनि भजनोपदेशक, आर्य जगत के विख्यात लेखक पं रामस्वरूप रक्षक अजमेर, शिकारपुरा महन्त दयाराम महाराज, परोपकारिणी सभा अजमेर के प्रधान ओम मुनि आदि से भेंट कर आर्य समाज की गतिविधियों तथा प्रचार-प्रसार बाबत चर्चा की गई।

इस दौरान आर्य समाज पाली प्रधान मगाराम आर्य, मंत्री विजयराज आर्य, कोषाध्यक्ष चन्द्राराम प्रजापत, प्रचार मंत्री घेवरचन्द आर्य, आर्य वीर दल संरक्षक धनराज आर्य, एडवोकेट कुन्दन चौहान, पूर्व प्रधान गजेन्द्र अरोडा, भीनमाल के नरपत सिंह आर्य, विक्रम सिंह आर्य, महर्षि दयानन्द सरस्वती स्मृति भवन जोधपुर के प्रचारक स्वामी चेतनानंद महाराज, परोपकारिणी सभा के प्रधान ओम मुनि, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल आर्य, अजमेर सहित कई आर्यो का आपसी आत्मीय मिलन हुआ।

प्रतियोगियों का मूल्यांकन किया

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर व राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में 58 वे जिला स्तरीय विज्ञान मेले के दूसरे दिन प्रादर्श प्रतियोगिता (जूनियर वर्ग) तथा सेमिनार प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायकों द्वारा किया गया।

प्रादर्श वर्ग में सतत् कृषि विषय में खुशवीर पंवार जाड़न,विजय कुमार पालड़ी जोड़, प्रमोद रोहट,दिव्यांगों के लिए उपयोगी विषय में दीपक मालवीय जाड़न, चिराग बारूपाल दीप विद्या आश्रम पाली, नीलेश सुथार अभय नोबल, तखतगढ़, अपशिष्ट प्रबंधन विषय में सत्यम कुमार होली क्रास तखतगढ़, इफ्रा बानो पीएम श्री बालिका उ मा वि, बाली,कृतिका कुमारी अभय नोबल, तखतगढ़ मनोरंजक गणितीय मॉडल विषय में जय खेमलानी ओर्चीड सेंट्रल स्कूल पाली, विराट रतनू होली क्रास तखतगढ़, हिना कंवर विद्यावाडी, हरित ऊर्जा विषय में यशवंत कुमार होली क्रास तखतगढ़, जनकसिंह महात्मा गांधी सुल्तान , पाली, जितेन्द्र कुमार मीणा बलाना, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय में रोहित कुमार सांई लीला शाह गुरूकुल, सुमेरपुर,भावेश सुथार होली क्रास तखतगढ़,आरती राबाउप्रावि सोनाई मांजी,उभरती प्रद्योगिकी विषय में खुशी बालिका राबाउमावि सोजत सिटी, यशस्वी गोतारा, पालड़ी जोड़,गरिमा कुंवर विद्यावाड़ी,जल संरक्षण एवं प्रबंधन विषय में प्रियल होली क्रोस तखतगढ़, भाविका रा बा उ मा वि गुंदोज,मनीष चावटा सर्वोदय नगर ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किए तथा सेमिनार सीनियर वर्ग में अदिति सिंह पीएम श्री बांगड़ पाली, अक्षय पुरी अभय नोबल तखतगढ़, गर्विता महात्मा गांधी पुनायता ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग के प्रादर्श में संजीव शर्मा ,रतन बारूपाल,पूरण सिंह पंवार, राकेश टांक, जयपाल सिंह, यजुर्वेंद्र खेमलानी,नरेश बोहरा,धनराज डाबी, हितेन्द्र चांदोरा,कमलेश भटनागर, शंकरलाल सोनी ने तथा सेमिनार प्रतियोगिता में विजय शर्मा, आनन्द किशोर लोहरा तथा ओमप्रकाश तंवर निर्णायक रहे।

सार-समाचार

21 लाख रुपए की चोरी का खुलासा

बाप, (निसं)। बाप थाना पुलिस ने स्वर्ण आभूषण व नकदी चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर करीब 21 लाख रुपए मूल्य का चोरी का माल बरामद किया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक फलोदी कुंदन कंवरिया के निर्देशन में चल रहे सम्पत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत की गई। एसपी कंवरिया ने बताया कि 25 अगस्त 2025 को जयपालसिंह निवासी उदयसिंह की ढाणी, आजाद नगर खिदरत ने बाप थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 अगस्त की रात को अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर दो बक्सों के ताले तोड दिए। उनमें रखे तीन सोने की आड जिसका वजन प्रत्येक का 6-6 तोला और 5० हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। उक्त चोरी मामले में बाप पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व चालानशुदा संदिग्धों से पूछताछ, तथा घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। जांच के दौरान मनोहरराम पुत्र कुम्भाराम भील निवासी गौरेरा, थाना श्रीबालाजी, जिला नागौर को दस्तयाब कर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सभी स्वर्ण आभूषण व नकदी शत-प्रतिशत बरामद कर ली गई। बरामद माल की कुल कीमत करीब 21 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी दिन में घरों की रेकी करता था और रात में ताले तोडकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। इस बडी चोरी का खुलासा करने से बाप कस्बे के लोगो को भी अब उम्मीद जगी है कि स्थानीय पुलिस कस्बे में घरो में हुई चोरियों का खुलासा होगा। बाप कस्बे में बीते दो ढाई साल में कई घरों में चोरियां हो चुकी है।

पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय महंत प्रतापपुरी

पोकरण, (नि.सं.)। आध्यात्मिकता, जनसेवा और पत्रकारिता तीनों क्षेत्रों में संतुलित भूमिका निभाने का दुर्लभ उदाहरण पेश कर तारातरा मठ के महंत पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने समाज के समग्र विकास की दिशा में एक नई राह दिखाई है। हाल ही में उन्हें इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स संगठन में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन के साथ ही वे संत, राजनेता, पत्रकार के त्रिवेणी दायित्व को निभाने को तत्पर हैं। महंत प्रताप पुरी महाराज ने सदा यह संदेश दिया है कि धर्म केवल पूजा या साधना तक सीमित नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा ही सच्ची साधना है। उन्होंने राजनीति के माध्यम से विकास की साधना की, मठ के माध्यम से संस्कार और आध्यात्मिकता का प्रसार किया, और अब पत्रकारिता जगत से जुडकर सामाजिक जागरूकता और सत्य के प्रसार का संकल्प लिया है। सम्भवत राजस्थान के इतिहास में यह पहला अवसर है जब कोई संत न केवल धर्म और जनसेवा के क्षेत्र में, बल्कि पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उनका यह कदम समाज में पारदर्शिता, संवाद और सकारात्मक पत्रकारिता को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है। महंत प्रतापपुरी महाराज का जीवन इस बात का उदाहरण है कि जब संतत्व, नेतृत्व और पत्रकारिता एक साथ जुडते हैं, तो समाज में चेतना, समरसता और प्रेरणा का संचार होता है।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

जालोर, (कासं)। जिला चिकित्सालय जालोर में बुधवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाल कर आमजन को जागरूक किया। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रमेश कुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। राजकीय नर्सिंग कॉलेज एवं नर्सिंग स्कूल के छात्रों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर नारे लगाए। रैली जिला चिकित्सालय से रवाना होकर हॉस्पिटल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्कल, तिलक द्वार होते हुए नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र पहुंची। इस अवसर पर डॉ.चौधरी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। इस दौरान रैली एवं विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ताकि लोगों में जागरूकता पैदा की जा सके। नर्सिंग कॉलेज व स्कूल के छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। वही समाज में मानसिक बीमारियों के प्रति फैली भ्रांतियां को दूर करने एवं मानसिक बीमारियों के प्रति जागृति लाने के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य डॉ.पवन ओ